# हिन्दी

## (दूर्वा) (पाठ 3) (सोमदत्त- चिट्ठियों में यूरोप)
## (कक्षा 8)

**प्रश्न 1:**

पत्र के आधार पर

इस पत्र के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो-

**(क)**

इस पत्र का लेखक किस शहर/देश की यात्रा पर गया था?

**(क)**

इस पत्र का लेखक यूगोस्लाविया (यूरोप) की यात्रा पर गया था।

**(ख)**

उस देश में कौन-कौन से खेल-खेले जाते हैं? वहाँ कौन-सा खेल सबसे अधिक लोकप्रिय है?

**(ख)**

यहाँ पर फुटबाल, स्केटिंग और टेबल टेनिस खेल खेले जाते हैं यहाँ का सबसे लोकप्रिय खेल स्केटिंग है।

**(ग)**

उस देश के कुछ खाद्य पदार्थों के नाम बताओ।

**(ग)**

यहाँ के कुछ मुख्य खाद्य पदार्थ जैसे योगर्ट आइसक्रीम कप जैसा, रोज सूप, सफेद सेम जैसी लंबी और पतली बीन, कभी-कभी चावल स्ट्यू यानी करी के साथ खाने के लिए, खट्टी बेरी के गूदे से भरी मिठाई या सेवइयों का सूप और ब्रेड बटर, ऑमलेट, जेली आदि।

**(घ)**

लेखक ने यह क्यों कहा कि अच्छे से रहना ताकि माँ को तकलीफ न हो?

**(घ)**

लेखक ने यह इसलिए कहा कि उसकी अनुपस्थिति में बच्चे माँ को तंग न करें।

**प्रश्न 2:**

पत्र से आगे

**(क)**

भारतीय खाने की कुछ चीजों जैसे- चावल, सेवइयाँ, मिठाइयाँ यूरोप में अलग ढंग से खाई जाती हैं। क्या भारत में ये चीजें अलग-अलग ढंग/तरीकों से बनाई और खाई जाती हैं? पता करो और बताओ।

**(क)**

छात्र अपने घर में उपरोक्त खाद्य पदार्थों के बनाने की विधि पता करके अपनी कक्षा में चर्चा करेंगे ।

**(ख)**

दूना नदी यूरोप के कई देशों में बहती है। भारत में भी अनेक ऐसी नदियाँ हैं जो कई राज्यों के बीच बहती हैं। ऐसी कुछ नदियों के नाम लिखो। यह भी पता करो कि वे कौन-कौन से राज्यों में से होकर बहती हैं।

**(ख)**

छात्र अपने भूगोल के अध्यापक की सहायता से उपरोक्त कार्य को पूर्ण करेंगे ।

| नदी का नाम | राज्यों के नाम |
|---|---|
| ...................... | ...................... |
| ...................... | ...................... |

**प्रश्न 4:**

खान-पान

**(क)**

अपने प्रदेश की कुछ खाने-पीने की चीजों के नाम बताओ।

**(क)**

छात्र अपने-अपने राज्यों के खाने के बारे में कक्षा में चर्चा करेंगे।

**(ख)**

अपने मनपसंद व्यंजन को बनाने का तरीका पता करो और लिखो।

**(ख)**

छात्र अपने मनपसंद व्यंजन को बनाने के तरीके की जानकारी इकट्ठा करके आपस पे चर्चा करेंगे।

**प्रश्न 5:**

इकट्ठा करने का शौक

इसी पुस्तक के किसी पाठ में है कि कुछ लोगों को कोई खास वस्तु इकट्ठा करने का शौक होता है। कुछ लोग गुड़िया, पुस्तकें, चित्र तो कुछ लोग डाक-टिकट इकट्ठे करते हैं।

(i) यदि तुम्हें भी कोई चीज इकट्ठा करने का शौक है तो उसके बारे में अपने साथियों को बताओ।

(ii) अपने या अपने किसी परिचित के बारे में लिखो जो इस तरह की चीजें इकट्ठा करता हो। तुम इन चीजों के बारे में लिख सकते हो-

(क) उन्हें कौन-सी चीज इकट्ठा करने का शौक है?

(ख) वे इन्हें कहाँ-कहाँ से इकट्ठा करते हैं?

(ग) उनके इस शौक की शुरुआत कैसे हुई?

(घ) वे इकट्ठी की गई चीजों को कैसे सँभालकर रखते हैं?

(घ) इन चीजों को इकट्ठा करने और रखने में कौन-कौन सी समस्याएँ होती हैं?

**उत्तर 5:**

छात्र जानकारी एकत्र करके उपरोक्त प्रश्न के उत्तर लिख सकते हैं।

**प्रश्न 6:**

पेड़-पौधों के नाम

इस पत्र में लेखक ने अलग-अलग तरह के पेड़-पौधों का जिक्र किया है। पता लगाओ, वे कौन से पेड़-पौधे हो सकते हैं। इस काम के लिए तुम अपने अध्यापकों, अपने साथियों, पुस्तकालय या अन्य साथियों की भी सहायता ले सकते हो।

संकेत नाम

**(क)**

जिसे नए साल पर लगाते/सजाते हैं।

**(क)**

क्रिसमस ट्री

**(ख)**
सफ़ेद कुमुदनी जैसा नीला-बैंगनी फूल।
**(ख)**
फ्लाक्स

**(ग)**
लाल और पीले फूल वाले पौधे गुलाब, सूरजमुखी, कनेर।
**(ग)**
गुलाब

**प्रश्न 7:**
मानचित्र में
इस पत्र में अनेक देशों, शहरों और नदियों का जिक्र किया गया है। नीचे दिए गए मानचित्र में उन स्थानों के नाम भरो-
**उत्तर 7:**
प्रश्न अनुसार दुनिया के मानचित्र में पाठ में वर्णित स्थानों, नदियों आदि के नाम स्वयं भरे।

**प्रश्न 8:**
पत्रों के माध्यम
(क) "तुम लोग गौतम से एरोग्राम मँगाकर हमको चिट्ठी लिखना।"
ऊपर के वाक्य पर ध्यान दो और किसी डाकघर में जाकर पता करो कि 'एरोग्राम' किसे कहते हैं। साथ ही यह भी पता करो कि पत्र भेजने के लिए वहाँ कौन-कौन से साधन उपलब्ध हैं?
(ख) आधुनिक तकनीक द्वारा भेजे जाने वाले पत्रें के बारे में भी जानकारी प्राप्त करो। जैसे-ई-मेल, फैक्स आदि।
**उत्तर 8:**
यह कार्यात्मक प्रश्न अतः छात्र डाकखाने, इन्टरनेट कैफे जाकर जानकारी एकत्र करें।